पोओ0–कठघरिया, हल्द्वानी
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड(ग्रामीण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कमलवागांजा, हल्द्वानी।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र में कहा गया है कि मेरा पुराना मीटर चेंज करके नया स्मार्ट मीटर लगाया गया था। जब मीटर चेंज किया गया पुराने मीटर का जो बिल बना मैंने उसे भुगतान कर दिया। जब से स्मार्ट मीटर लगा उसका बिल नहीं आया। जो की 10 माह से बिल नहीं आया अब जब बिल आया है तो बहुत अधिक आया है। कई बार मैंने विभाग से इसकी शिकायत की मुझे कोई संतुष्ट जवाब नहीं मिला। अतः निवेदन है कि मेरा बिजली का बिल कम करने की कृपा करें मेरा कनेक्शन नंबर–390E161047402 है।
2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 17.08.2026 में कहा गया है कि उपभोक्ता द्वारा अपनी शिकायत में विद्युत संयोजन संख्या–390E161047402 के बिल से सम्बन्धित शिकायत की गयी है। माननीय मंच को अवगत कराना है कि उपभोक्ता के यहाँ 01.11.2025 में स्मार्ट मापक स्थापित किया गया था, जिसमें तकनीकी कारण से बिल नहीं बन पा रहा था जिनका बिल माह 06/2026 तक दिनांक 03.07.2026 को निर्गत किया गया, जो रीडिंग के आधार पर सही बना है।
3. परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर/आपत्ति दिनांकित में कहा गया है कि "With reference for your emails reply, I am not satisfied your responses, kindly check again."

4. मंच द्वारा वाद पर सुनवाई हेतु दिनांक 07.09.2026 की तिथि नियत की गयी। सुनवाई हेतु पक्षकार प्रयत्क्ष रूप से मंच के समक्ष उपस्थित हुये। दोनों पक्षों के तर्क सुने गये। सुनवाई के दौरान मंच द्वारा, विपक्षी/विभाग को आदेशित किया गया कि परिवादी से बकाया राशि का 50 फीसदी लेना सुनिश्चित करे तथा वाद के निस्तारण तक परिवादी का संयोजन विच्छेदित न करे व उक्त राशि मंच के अंतिम निर्णय के अधीन समायोजित होग ॥साथ ही यह भी आदेशित किया गया कि परिवादी के बिल में दर्शायी गयी MD 80.30 का प्रमाण प्रस्तुत करे तथा Excess Load Penalty की गणना का पुनरीक्षण अपनी आख्या दिनांक 15.09.2026 पूर्वाहन 11:00 बजे तक मंच में प्रस्तुत करे।
5. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 14.09.2026 में कहा गया है कि शिकायकर्ता श्री रमेश चन्द्र भट्ट की Excess Load Penalty का रिविजन कर रू0 27859.52 की धनराशि समायोजित कर दी गयी है।
6. मंच द्वारा पत्रावली का सम्यक रूप से परिशीलन किया गया। विपक्षी/विभाग द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिया के फलस्वरूप वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

आदेश

विपक्षी/विभाग द्वारा परिवादी की शिकायत के समाधान कर दिए जाने के फलस्वरुप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत ओम्बड्स मैन 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः—22/09/2026

22/09/2026
(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

22/09/2026
(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः—22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

परिवाद संख्या–118 / 2026
पंजीकरण तिथि–14.08.2026
निर्णय तिथि–07.09.2026

बिपिन चन्द्र
मै0 इंडस टावर्स लिमिटेड
सत्य लोक कालौनी
रामपुर रोड़, हल्द्वानी
जिला–नैनीताल।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड(ग्रामीण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कमलवागांजा, हल्द्वानी।

विपक्षी

निर्णय

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र में कहा गया है कि "We had duly applied for PD on Acc No-40132210987, on dated -28 Jan 2026 connected load in the name of Indus Towers limited, under HALDWANI RURAL Division.

   Since provisional billing done by division, we request for correction for bill. Moreover, we are ready to pay fee also. We are pursuing to respective division, but no response is receiving.

   Therefore, we request you to kindly register our grievance before your kind level Forum and provide us justice. Security deposit amount not refunded within timely and hence applicable interest also need to be allow."

2. विपक्षी / विभाग द्वारा प्रस्तुत बिन्दुवार उत्तर पत्र दिनांकित 05.09.2026 में कहा गया है कि–उपभोक्ता द्वारा अपनी शिकायत में विद्युत संयोजन संख्या–390K000026376 के पी०डी० से सम्बंधित शिकायत की गयी है। माननीय मंच को अवगत कराना है कि उपभोक्ता के उक्त विद्युत संयोजन की पी०डी० बिल संसोधन के उपरान्त फाइनल बिल की धनराशि रु० –258458.28 भुगतान की जानी है। जिसके लिए उपभोक्ता का आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या मय IFSC कोड खण्ड कार्यालय, कमालवागांजा, हल्द्वानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उक्त धनराशि को उपभोक्ता के बैंक खाते में निर्गत किया जा सके।

3. विपक्षी की आख्या परिवादी को आपत्ति/संतुष्टि प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित की गयी। परिवादी ने विपक्षी की आख्या पर कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की परन्तु जमानत राशि हेतु वांछित प्रपत्र/विवरण मंच कार्यालय को प्रेषित कर दिये गये। परिवादी को जमानत राशि प्राप्त करने हेतु वांछित प्रपत्र खण्ड कार्यालय में जमा कराये जाने हैं क्योंकि वहीं से यह राशि भुगतान की जाती है ना कि मंच कार्यालय से। मंच के मत में विपक्षी/विभाग द्वारा परिवादी के संयोजन की पी०डी० की शिकायत का समाधान कर दिया गया है। अतः वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

आदेश

विपक्षी/विभाग द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। परिवादी अपनी जमानत राशि प्राप्त करने हेतु विपक्षी के कार्यालय में वांछित प्रपत्र जमा कराना सुनिश्चित करे। परिवाद तद्नुसार निस्तारित। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–07/09/2026

07/09/2026 07/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा) (ब्रह्म पाल) (विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता) सदस्य (तकनीकी) सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः–07/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा) (ब्रह्म पाल) (विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता) सदस्य (तकनीकी) सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी
जिला–नैनीताल

कोरमः– 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य (न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–119/2026
पंजीकरण तिथिः–19.08.2026
निर्णय की तिथिः–08.09.2026

नारायण द्वारा संध्या, परिवादी
राजपुरा वार्ड नं0–13,
हल्द्वानी जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी (नगर)।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा अपनी शिकायत में कहा गया है किः– मेरा कनैक्शन संख्या–**382N223111807**, खाता सं०–40115350872 जो कि नारायण के नाम से है। आपको अवगत कराना है कि पिछले कुछ माह से मेरा विद्युत बिल बढ कर आ रहे है पहले मेरे बिल 1700.00 से 1800.00 रूपये तक आता था। कि विद्युत विभाग द्वारा मेरा पुराना मापक बदलकर माह जून 2026 में मेरे घर पर स्मार्ट मीटर लगाया गया जिसके बाद एकदम से मेरा पहला बिल 33738.00 दूसरा बिल रू0 36755.00 व तीसरा बिल 39121.00 आ गया। महोदय मैं विभाग के चक्कर लगा चुका हूँ परन्तु हर बार यही कहा जाता है कि अगली बार ठीक कर दिया जायेगा। परन्तु ना तो मुझे बिल सही करके दिया जाता है और न ही मुझे सही जानकारी दी जाती है। आपको यह भी अवगत कराना है कि मेरे द्वारा 2025 मे भी मेरा मीटर खराब होने की सूचना विभाग को दी गयी थी परन्तु मेरा मीटर नहीं बदला गया।

महोदय मैं एक गरीब व्यक्ति हूं और मजदूरी करके अपने परिवार का पालन–पोषण कर रहा हूं व अपने बच्चों को पढ़ा रहा हूँ। इतना अधिक बिल मैं जमा नहीं कर सकता हूं। महोदय से निवेदन है कि मेरा बिल सही करवा कर मुझे न्याय दिलाये। ताकि मैं समय से अपना बिल भर सकूं।

2. विपक्षी/विभाग द्वारा अपने उत्तर पत्र में कहा गया है कि उपभोक्ता के परिसर पर दिनांक 22.04.2026 को स्मार्ट मापक स्थापित है किया गया है, जिसके सीलिंग रिपोर्ट के अनुसार पुराने मापक की अंतिम रीडिंग 14396 परन्तु उपभोक्ता का दिनांक 19.01.2025 से स्मार्ट मापक स्थापन की तिथि 22.04.2026 तक I.D.F के बिल निर्मित है। उपभोक्ता का माह 05/2026 का बीजक, पुराने मापक के विरुद्ध अवशेष यूनिट (14396–10780 = 3616) एवं नये मापक के यूनिट 364 कुल 3980 यूनिट के आधार पर निर्मित हुआ है।

3 परिवादी द्वारा दिनांकित 29.08.2026 को अपनी आपत्ति में कहा गया है कि आपने जो बिल भेजा है, उसमे हम सहमत नहीं है, कृपया बिजली बिल और कम कीजिए स्मार्ट, मीटर का बिल जितना आया है, हम उतना ही बिजली का बिल देंगे।

4. दिनांक 07.09.2026 को मच में सुनवाई की तिथि की गई। उभय पक्ष सुनवाई में उपस्थित रहे विपक्षी द्वारा कहा गया कि परिवादी का पुराना मी बदलते समय उसमें 3616 यूनिट अवशेष थी अतः उसी आधार पर बिल निर्गत किया गया है। विपक्षी द्वारा परिवादी की बिल हिस्ट्री भी प्रस्तुत की गई। थी परिवादी द्वारा कहा गया कि विभाग ने अप्रैल 2026 तक जो भी बिल दिए उसका भुगतान किया जा रहा, परंतु जून माह में अचानक 33738 रुपए का बिल भेजा गया जिस कारण भुगतान नहीं किया गया।

5 मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। परिवादी की बिल हिस्ट्री के अवलोकन से यह तथ्य सामने आया है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को जनवरी 2025 से अप्रैल 2026 तक कुल 16 बिल चक्रों में IDF के बीजक दिए गए जिसका परिवादी भुगतान करता रहा है। दिनांक 22.04.2026 को परिवादी का मापक बदलकर स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिया गया तथा सीलिंग प्रमाण पत्र में बदले गए मापक की रीडिंग 14396 अंकित की गई है, जबकि बिल हिस्ट्री के अनुसार यह मीटर जनवरी 2025 में 10780 रीडिंग पर IDF हो चुका था तथा नए स्मार्ट मीटर लगने तक 16 बिल चक्रों में IDF के ही बिल दिए जा रहे थे। विपक्षी ने जो रीडिंग सीलिंग प्रमाण पत्र पर भरी है उसे मंच स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि सीलिंग प्रमाण पत्र पर उपभोक्ता के हस्ताक्षर नहीं हैं और ना ही प्रश्नगत मीटर की एम0आर0आई0 रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। अतः यह मंच इस मत का है कि परिवादी का 19 अप्रैल 2026 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाने की तिथि तक 22.04.2026 तक का बीजक IDF आधार पर ही निर्गत किया जाना न्यायोचित होगा। दिनांक 22.04.2026 से वर्तमान तक का बीजक स्मार्ट मीटर की वास्तविक रीडिंग के आधार पर जारी गया।

आदेश

वाद स्वीकार किया जाता है। विपक्षी द्वारा परिवादी को जारी दिनांक 13.06.2026 का बीजक निरस्त किया जाता है। विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.04.2026 से बदले जाने की तिथि 22.04.2026 तक का बीजक IDF आधार पर तथा दिनांक 22.04.2026 से 07.08.2026 तक का बीजक स्मार्ट मीटर की वास्तविक रीडिंग के आधार पर संशोधित करें। इस प्रकार संशोधि

बीजक पर कोई विलंब भुगतान अधिकार देय नहीं होगा। विपक्षी इस आदेश की अनुपालन आख्या 30 दिन के भीतर मंच में प्रस्तुत करें। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–08.09.2026

08/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

08/09/2026

(बिष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।
दिनांकः–08.09.2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(बिष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

समे — 1– विष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–120 / 2026
पंजीकरण तिथि–24.08.2026
निर्णय तिथि–22.09.2026

गोकुल मेहर
राजीव नगर
बिखरत्ता, लालकुआं
जिला–नैनीताल।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड(ग्रामीण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कमलवागांजा, हल्द्वानी।

विपक्षी

निर्णय

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत वाक्षिय पत्र में कहा गया है कि "I installed a 3 kW solar plant on 7 August 2025 under the PM Surya Ghar Yojana, with an eligible subsidy of approximately ₹86,000. However, the plant was installed on a temporary electricity connection without informing me or my family. The dealer also failed to disclose this issue. It has now been more than one year, but my subsidy has still not been received. Additionally, the smart meter and solar meter were incorrectly connected together, resulting in my electricity bill becoming almost three times higher. I have already submitted a written complaint to the SDO, Lalkuan, and repeatedly informed the dealer, but no resolution has been provided. Furthermore, my solar plant has been shut down for the last one month on the SDO's instructions, causing a loss of approximately 15–17 units of generation per day. I am also paying additional interest on the loan taken for the solar installation because of the pending subsidy. I request your urgent intervention to:

   Release my pending ₹86,000 subsidy.
   Correct the meter connection and excessive billing.
   Restore my solar plant immediately.
   Address the financial loss caused by the delay and shutdown.

   Kindly take necessary action and provide a time-bound resolution."

2. पक्षी / विभाग द्वारा प्रस्तुत पत्र दिनांकित 05.09.2026 में कहा गया है कि प्रकरण में लिखित उत्तर एवं अभिलेख प्रदान किये जाने हेतु 1 सप्ताह का समय विस्तार प्रदान करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम विपक्षी / विभाग द्वारा दिनांक 14.09.2026 को मंच के समक्ष पत्र प्रस्तुत कर पुनः 1 सप्ताह के समय विस्तार की मांग की है।

3. मंच द्वारा, विपक्षी/विभाग के समय विस्तार के अनुरोध को स्वीकार कर हुये वाद पर सुनवाई हेतु दिनांक 22.09.2026 की तिथि नियत की गयी। विपक्षी उपस्थित हुये जबकि परिवादी द्वारा दिनांक 18.09.2026 को ईमेल के माध्यम से सुनवाई में उपस्थित होने में असमर्थता व्यक्त करते हुये कहा है कि "मैं वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत हूँ और सरकारी सेवा के कारण छुट्टी पाने में असमर्थ हूँ। इसलिए, मैं निर्धारित तिथि पर फोरम के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में असमर्थ हूँ। यदि संभव हो तो मुझे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/ऑनलाइन माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति देने का अनुरोध करता हूँ। वैकल्पिक रूप से, मेरा अनुरोध है कि मुझे मेरी ओर से उपस्थित होने और आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए किसी प्रतिनिधि/परिवार के सदस्य को अधिकृत करने की अनुमति दी जाए। यदि दोनों में से कोई भी विकल्प संभव न हो, तो मैं विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूँ कि मेरे आधिकारिक कर्तव्यों की प्रतिबद्धताओं द्वारा अनुमति मिलने के बाद मुझे व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए कोई अन्य तिथि प्रदान करने की कृपा की जाए। मैं सभी written submissions जमा कर के लिए तैयार हूँ।"
4. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 21.09.2026 में कहा गया है कि पी0एम0 सूर्य घर योजना से आर.टी.एस–1 संयोजन ही आच्छादित हैं। उपभोक्ता द्वारा आर.टी.एस–9 संयोजन–41600184499 पर उक्त लाभ चाहा जा रहा है। उपभोक्ता के परिसर पर नए लगे स्थायी संयोजन 42600228034 पर सोलर प्लांट कनेक्टेड है जो कि वर्तमान में नान सोलर होने के कारण स्थापित मीटर नेट मीटरिंग मोड में नहीं है। उचित होगा कि उपभोक्ता नए सयंजोन 42600228034 पर पी एम सूर्य घर योजना हेतु आवेदन कर ले।
5. मंच द्वारा पत्रावली का सम्यक रुप से परिशीलन किया गया। प्रस्तुत प्रकरण में पी०एम० सूर्यघर योजना के तहत सोलर प्लांट की स्थापना के संबंध में शिकायत की गयी है। इस प्रकार की शिकायत को सुनने का अधिकार इस मंच को प्राप्त नही है। परिवादी ने यदि अपने वेंडर तथा लाईसेंसी (UPCL) के साथ कोई अनुबंध किया है तो वह उक्त अनुबंध की शर्तो के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के सम्मुख शिकायत कर सकता है। वर्तमान में सोलर रूफ टॉप के संबंध में माननीय उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग का कोई विनियम भी नहीं होने के कारण यह शिकायत मंच में पोषणीय नहीं है। अतः वाद खारिज किये जाने योग्य है।

आदेश

परिवादी का वाद खारिज किया जाता है। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वय वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत ओम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून–248006, के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल) 22/09/2026
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में मिति हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः–22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–121/2026
पंजीकरण तिथि–24.08.2026
निर्णय तिथि–22.09.2026

प्रेम सिंह परिवादी
नियर अम्बिका धर्मकाटा
गैस गोदाम रोड
हल्द्वानी
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड(ग्रामीण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कमलवागांजा, हल्द्वानी।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रार्थी विभागीय रिटायर्ड व्यक्ति है, जिसका 12/2025 में स्मार्ट मीटर लगा था, तब से अभी तक प्रार्थी के पास न कोई हार्ड कॉपी व कोई SMS बिल प्राप्त हुआ,साथ ही विभाग में बिल का पता करने पर पता चला की बिल सभी सेटेलमेंट के बाद मात्र–201 माह जुलाई–2026 तक है किन्तु जमा करने प्राप्त पता चला कि बिल–38637 दिखा रहा है, अतः महोदय से निवेदन है कि, प्रार्थी की इन सभी समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द करने की कृपा करें,।
2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 05.09.2026 में कहा गया है कि उपभोक्ता का माह अगस्त 2026 में विद्युत बिल बना दिया गया हैं।
3. दिनांक 07.09.2026 को पत्रावली प्रस्तुत हुई। उभय पक्ष मंच में प्रयत्क्ष रूप से उपस्थित हुये। मंच द्वारा विपक्षी को निर्देशित किया गया कि दिनांक 15.09.2026 तक संशोधित बीजक मंच के समक्ष प्रस्तुत करें।
4. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 14.09.2026 में कहा गया है कि उपभोक्ता का Additional Security Deposite अमाउंट घटा दिया गया हैं तथा उपभोक्ता को मात्र रु० 200 का विद्युत बिल जमा करना हैं।
5. मंच द्वारा वाद पर सुनवाई हेतु दिनांक 22.09.2026 की तिथि नियत की गई। सुनवाई हेतु विपक्षी/विभाग के प्रतिनिधि (SDO) मंच में सुनवाई हेतु उपस्थित हुए, जबकि परिवादी अनुपस्थित रहे। विपक्षी द्वारा उपभोक्ता की शिकायत पर तर्कों को सुना गया।

विपक्षी / विभाग द्वारा उपभोक्ता की शिकायत का समाधान कर दिए जाने के पश्चात वाद आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है।

आदेश

विपक्षी / विभाग द्वारा परिवादी की शिकायत के समाधान कर दिए जाने के फलस्वरुप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन / अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः—22 / 09 / 2026

22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः—22 / 09 / 2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–123/2026
पंजीकरण तिथि–25.08.2026
निर्णय तिथि–07.09.2026

राजीव ओबेरॉय
रक्षा रिट्रीट
भीमताल
जिला–नैनीताल।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
नैनीताल।

विपक्षी

निर्णय

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र में कहा गया है कि "**I respectfully submit that a penalty/demand of Rs. 1,42,419/- has been imposed on my electricity connection following an inspection of my premises, on the ground that the premises is being used as a Bed & Breakfast (B&B) and therefore constitutes a commercial establishment.**

I respectfully dispute the said demand. The premises is being operated as a registered Homestay/B&B under the applicable Government tourism scheme. The Central Government's Ministry of Tourism guidelines recognize Bed & Breakfast and Homestay establishments under the same tourism framework.

Further, the Uttarakhand Government's policy framework recognizes eligible registered Homestays as domestic consumers for electricity-related purposes. Therefore, merely operating a registered B&B/Homestay cannot, by itself, be a valid ground for treating the entire premises as a commercial electricity connection.

The penalty was also imposed without giving me any prior notice or reasonable opportunity to explain the nature and legal status of the premises or to produce the relevant registration and Government documents.

I therefore request the Hon'ble Forum to kindly:

1. **Set aside the penalty/demand of Rs. 1,42,419/-;**
2. **Direct UPCL to reconsider the tariff classification in accordance with the applicable UERC regulations and Uttarakhand Homestay policy;**

3. **Direct restoration/continuation of the applicable domestic tariff, if the premises is found eligible;**
4. **Provide the complete inspection report and detailed calculation/basis of the disputed demand; and**
5. **Grant me an opportunity of personal hearing before taking any further action.**

I shall be grateful for your kind and early intervention in the matter."

2. विपक्षी / विभाग द्वारा प्रस्तुत बिन्दुवार उत्तर पत्र दिनांकित 05.09.2026 में कहा गया है कि:–

1–उपभोक्ता के परिसर पर दिनांक 04.04.2025 को विद्युत विभाग एवं विजिलेंस के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण एवं चैकिंग की गयी। जिसमें उपभोक्ता द्वारा घरेलू विद्युत संयोजन से एक अन्य होम स्टे संचालित किया जा रहा था।

2–उपभोक्ता द्वारा उपयोग किया गया घरेलू सयोजन अनाधिकृत पाया गया था। जिसके तहत विभागीय कार्यवाही करते हुऐ विभाग द्वारा रु० 142419.00 का राजस्व निर्धारण किया गया है। यद्यपि उपभोक्ता द्वारा दिनांक 08.05.2025 को उक्त धनराशि का भुगतान कर दिया गया है।

3–उपभोक्ता को पूर्व में प्रेषित कार्यालय पत्रांक संख्या–732 दिनांक 08.05.2025 के माध्यम से भी यह अवगत कराया गया है कि आपका परिसर माननीय विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ के अनुसार दीन दयाल उपाध्याय होम स्टे योजना के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं है। जिस कारण उपभोक्ता का संयोजन घरेलू विधा में न होकर अघरेलू विधा की श्रेणी में पाया गया है।

4–उक्त प्रकरण राजस्व निर्धारण, विद्युत अधिनियम की धारा 126 के अन्तर्गत ही किया गया है। उक्त क्रम में ही माननीय मंच को स्मरण होगा कि विद्युत राजस्व निर्धारण सम्बन्धित प्रकरण सक्षम न्यायालय द्वारा ही विचाराधीन होते हैं।

5–उक्त प्रकरण से सम्बन्धित कई वाद माननीय मंच द्वारा पूर्व में भी अवलोकन करने एवं आपके अधिकार क्षेत्र में न होने के कारण खारिज किये गये हैं।

अतः माननीय मंच से अनुरोध है कि उक्त प्रकरण का अवलोकन कर वाद को खारिज करने का कष्ट करें।

3. मंच द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रकरण भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 के अंतर्गत विपक्षी द्वारा उपभोक्ता पर किए गए राजस्व निर्धारण से संबंधित है। इस मंच को धारा 126 के तहत किए गए निर्धारण के संबंध में सुनवाई करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। धारा 126 के अंतर्गत किए गए निर्धारण को धारा 127 के तहत संबंधित सक्षम न्यायालय में ही चुनौती दी जा सकती है। अतः उक्त प्रकरण मंच के अधिकार क्षेत्र में नहीं होने के कारण खारिज किए जाने योग्य है।

आदेश

प्रस्तुत प्रकरण मंच के अधिकार क्षेत्र में नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्मैन, 80 बसंत विहार,

देहरादून–248006, के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–07/09/2026

07/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः–07/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी
जिला–नैनीताल

कोरमः– 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य (न्यायिक)
2– ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–124/2026
पंजीकरण तिथिः–05.09.2026
निर्णय की तिथिः–22.09.2026

पी0एस0 बिष्ट वाल, परिवादी
कुरिया गांव, लामाचौड़, हल्द्वानी,
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी (ग्रामीण)।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा अपनी शिकायत में कहा गया है कि:– उपरोक्त कनेक्सन का फरवरी 2026 से बिल नहीं आ रहा है। इस विषय पर विद्युत कार्यालय में तथा आनलाईन शिकायत की गयी है लेकिन मीटर रीडर और बिल नहीं आ रहे हैं। कृपया कारवाई करें और बिल माह में विभाजित कर चार्ज करें ।

2. विपक्षी/विभाग द्वारा दिनांक 14.09.2026 को अपने उत्तर पत्र में कहा गया है कि शिकायतकर्ता श्री पान सिंह (संयोजन संख्या–**391E301066509**) का विद्युत बिल बनाते समय सिस्टम द्वारा **ERROR** दिखा रहा हैं, जिस कारण शिकायतकर्ता का विद्युत बिल नहीं बन पा रहा हैं।

3. विपक्षी/विभाग द्वारा दिनांक 21.09.2026 को अपने उत्तर पत्र में कहा गया है कि शिकायतकर्ता श्री पान सिंह (संयोजन संख्या–**391E301066509**) का विद्युत बिल में पूर्व में 6839 रीडिंग पर बना हैं, जबकि वर्तमान में उपभोक्ता के मीटर की रीडिंग 2568 हैं जिससे प्रतीत होता हैं कि उपभोक्ता का मीटर बैक हो गया हैं, वर्तमान में उपभोक्ता का **IDF** में बिल बना दिया गया हैं।

4. मंच द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। परिवादी को फरवरी से बिल न मिलने संबंधी शिकायत पर विपक्षी ने 24 सितंबर 2026 को रू. 596 का बिल जारी कर शिकायत का समाधान तो कर दिया है परंतु मीटर खराब होने संबंधी आख्या भी प्रस्तुत की है। अतः भविष्य में वास्तविक खपत के बीजक के लिए परिवादी का वर्तमान मीटर तत्काल बदल जाना आवश्यक है। विपक्षी ने परिवादी को 21.09.2026 को जो बिल जारी किया है वह मंच के मत में उचित टैरिफ स्लैब पर नियमानुसार जारी किया है। अतः वाद को आगे चलने का कोई औचित्य नहीं हैं।

आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की बिल संबंधी शिकायत का समाधान कर दिया है। विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी का खराब मीटर बदलकर 30 दिन के भीतर मंच में अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–22.09.2026

22/9/26 29/9/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(बिष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।
दिनांकः–22.09.2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(बिष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी
जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

परिवाद संख्या–126 / 2026
पंजीकरण तिथि–09.09.2026
निर्णय तिथि–15 .09.2026

भगवती देवी परिवादी
पत्नी धनश्याम सिंह
दमुआढूंगा, मिश्रा हाउस के पास
काठगोदाम
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड(नगर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
तिकोनिया, हल्द्वानी।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत शिकायती पत्र में कहा गया है कि "मैं भगवती देवी (पत्नी श्री घनश्याम सिंह), दमुआढूंगा, मिश्रा हाउस के पास की निवासी हूँ। मेरा अकाउन्ट नंबर–41600987354 है। प्रार्थी इस आवेदन के माध्यम से निम्नलिखित समस्या आपके समक्ष निवारण हेतु प्रस्तुत कर रही है–
   1. यह कि प्रार्थी के घर पर लगे बिजली मीटर की डिस्प्ले पूरी तरह खराब हो चुकी है, जिसके कारण मीटर की करंट रीडिंग देखना असंभव हो गया है।
   2. यह कि इस समस्या के निवारण हेतु प्रार्थी द्वारा दिनांक 16.08.2026 को आधिकारिक टोल–फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसका शिकायत नंबर–2160826039 है।
   3. यह कि टोल–फ्री शिकायत दर्ज होने के बाद भी आज दिनांक तक विद्युत विभाग द्वारा न तो मीटर बदला गया है और न ही कोई तकनीकी कर्मचारी निरीक्षण के लिए आया है।
   4. यह कि मीटर रीडिंग न आने के कारण प्रार्थी को भविष्य में गलत या अधिक रीडिंग बिल आने का डर बना हुआ है।

अतः माननीय मंच से विनम्र प्रार्थना है कि हमारी इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए, विभाग को जल्द से जल्द हमारा खराब मीटर बदलने या ठीक करने हेतु निर्देशित करने

की कृपा करें। ताकि मेरी समस्या का समाधान हो सके और मैं समय से अपना बिल जमा कर सकूं।

2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 14.09.2026 में कहा गया है कि उपभोक्ता के परिसर पर पुराना मापक परिवर्तित कर नया मापक स्थापित कर दिया गया है। मापक की सीलिंग प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न कर प्रेषित है।
3. परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर/संतुष्टि पत्र 14.09.2026 में कहा गया है कि इस पत्र के माध्यम से मैं CGRF के सभी माननीय सदस्यों का सहृदय धन्यवाद करना चाहता हूँ। मैंने विभाग में अपने खराब विद्युत मीटर को बदलने के संबंध में एक शिकायत दर्ज कराई थी। आपके त्वरित हस्तक्षेप और कुशल मार्गदर्शन के कारण विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। विभाग के कर्मचारियों ने मेरे परिसर का दौरा किया और मेरे पुराने खराब मीटर को हटाकर उसकी जगह एक नया स्मार्ट मीटर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। अब मेरी समस्या का पूरी तरह से समाधान हो चुका है।

   उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका इतनी जल्दी निवारण करने के लिए CGRF की पूरी टीम का आभार। आपकी यह कार्यप्रणाली बिजली विभाग के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत करती है। एक बार फिर आपके सहयोग के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद।

4. मंच द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों/अभिलेखों का अवलोकन किया गया। विपक्षी द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र व परिवादी के संतुष्टि पत्र के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का निराकरण कर दिया गया है। जिस कारण वाद को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के व परिवादी की संतुष्टि के आधार पर वाद निस्तारित किया जाता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः– 15 /09/2026

15/09/2026 15/09/26

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः– 15/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल) 15/9/2026	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी
जि–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्या यि)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

परिवाद संख्या–127 / 2026
पंजीकरण तिथि–11.09.2026
निर्णय तिथि–22.09.2026

ग ती देवी
ग शो लाल,
भगवानपुर बिचला
ह पुरिनायक, हल्द्वा नी
जिला–नैनीताल।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड(ग्रामीण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कमलवागांजा, हल्द्वा नी

प्रतिवादी

निर्णय

1. प रिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रकाश पत्र में कहा गया है कि "I am writing to formally escalate my meter-change complaint registered with Uttarakhand Power Corporation Limited (UPCL) on 22 May 2026.

Account Holder: Geeta Devi
UPCL Account No.: 40119676896
Service Request No.: 12205260125
Date of Original Complaint: 22 May 2026
Address: Ganesh Lal, Bhagwanpur Bichla, Haripur Nayak, Haldwani, Uttarakhand
Concerned Area/UPCL Office: Kamalwaganja, Haldwani
Mobile No.: 7409450460

The above complaint has remained pending for several months without resolution. I have contacted the concerned UPCL office/field staff in the Kamalwaganja area by phone regarding the matter. However, despite my follow-up, no effective action or clear response has been provided regarding the pending meter-change request.

I therefore request the concerned authority to kindly take up this matter on priority and direct the appropriate field officer/department to process and complete the meter replacement at the earliest.

I specifically request that:

1. The current status and reason for the prolonged delay in processing Service Request No. 12205260125 be communicated to me.
2. The appropriate officer/field staff in the Kamalwaganja area be directed to take immediate action on the pending meter-change request.
3. A definite timeline for completion of the meter replacement be provided.
4. The matter be treated as a formal escalation of my already pending complaint, which has remained unresolved since 22 May 2026.
5. I be provided with a written response regarding the action taken on this escalation.

I request the Consumer Grievance Redressal Forum to kindly intervene in this matter and ensure that the pending meter-change work is resolved without any further unnecessary delay. I am enclosing the available complaint/status details for reference.

2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 21.09.2026 में कहा गया है कि शिकायतकर्ता श्रीमती गीता देवी द्वारा मीटरिंग से सम्बन्धी शिकायत के सापेक्ष अवगत कराना है कि उपभोक्ता का मीटर बदल दिया गया है।
3. मंच द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों/अभिलेखों का अवलोकन किया गया, जिससे स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का निराकरण कर दिया गया है। जिस कारण वाद को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में नदि तिथि हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित किया।

दिनांकः–22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

OFFICE OF THE CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM
KUMAOUN ZONE, HALDWANI

Case No.: 133/2026

Shri/Smt. महेश गोस्वामी, **V/S** **Executive Engineer..Haldwani (R)**

ORDER SHEET

Signature	Date	Order	Next Date
	23/09/2026	आदेश विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने व उपभोक्ता द्वारा दूरभाष के माध्यम से अपनी शिकायत का समाधान कर दिये जाने पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की है। उपभोक्ता की शिकायत के समाधान हो जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।	निस्तारित

सदस्य (उपभोक्ता)
वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी)
वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

सदस्य (न्यायिक)
वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–आर0एस0 गुंज्याल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–04202607100002
पंजीकरण तिथि–13.07.2026
निर्णय तिथि–22.09.2026

मोहन सी जोशी — परिवादी
ग्राम–रामड़ी आन सिंह
गांधी आश्रम के पास
पो0ओ0–फतेहपुर
हल्द्वानी
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड(ग्रामीण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कमलवागांजा, हल्द्वानी।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा CGRF, Complaint पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुये कहा गया है कि "Sir i am enclosing the receipted copy of my complaint. It has been more than a month, no action has been taken against it. Sub Station Kamaluaganja and kathghariya were approached to the rectify the complaint many times but no action has been taken."
2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत दिनांक 17.07.2026 को मंच के समक्ष उत्तर पत्र प्रस्तुत किया गया। विपक्षी द्वारा अवगत कराया गया कि चैक मापक न लगने की शिकायत आज दिनांक तक अवर अभियन्ता(मापक) के पास लम्बित है।
3. मंच द्वारा उत्तर पत्र का अवलोकन किया गया जिससे स्पष्ट है कि परिवादी द्वारा चैक मापक शुल्क दिनांक 10.06.2026 को जमा करा दिये जाने के बाद भी अभी तक परिवादी के परिसर पर चैक मापक स्थापित नहीं किया गया है। उक्त के क्रम में मंच द्वारा विपक्षी को निर्देशित किया गया कि दिनांक 23.07.2026 को सुनवाई में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण मंच के समक्ष प्रस्तुत करें कि परिवादी द्वारा चैक मापक शुल्क जमा करने के पश्चात अद्यतन तिथि तक चैक मापक स्थापित करने में हो रहे विलम्ब के लिये परिवादी को क्षतिपूर्ति क्यों न दिलायी जाये?
4. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 30.07.2026 में कहा गया है कि उपभोक्ता द्वारा चैक मापक ना लगाने की जो शिकायत की गयी थी, उक्त वाद में उपभोक्ता के परिसर में चैक मापक लगा दिया गया है। जिसकी सीलिंग संलग्न है,

आपको यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्त शिकायत दिनांक 10.06.2026 से विद्युत परीक्षणशाला के अवर अभियंता की ID मे लम्बित थी, जिस वजह से देरी के लिए मान ीय मंच से क्षमा प्रार्थी है।

5. मंच द्वारा वाद पर सुनवाई हेतु दिनांक 04.08.2026 की तिथि नियत की गयी। सुनवा ई हेतुविभागीय प्रतिनिधिर उपस्थित हुये जबकि परिवादी अनुपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान मंच द्वारा विपक्षी/विभाग को निर्देशित किया गया कि दिनांक 20.08.2026 तक चैक मापक रिपोर्ट मय आख्या मंच में प्रस्तुत करे।
6. विपक्षी/विभाग द्वारा दिनांक 04.08.2026 को हुई सुनवाई के क्रम में पत्र(पत्रांक–1053 दिनांक 20.08.2026) प्रस्तुत कर अतिरिक्त समय की मांग की गयी। जिसे स्वीकृत करते हुये मंच द्वारा दिनांक 27.08.2026 की तिथि नियत की गयी। दिनांक 27.08.2026 को विपक्षी/विभाग द्वारा मंच के समक्ष चैक मापक फाईनल रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। जिसे परिवादी को प्रेषित किया गया।
7. मंच द्वारा वाद पर पुनः सुनवाई हेतु दिनांक 07.09.2026 की तिथि नियत की गयी। सुनवाई हेतु उभय पक्ष मंच में उपस्थित। उभय पक्षों के तर्कों को सुना गया परिवादी की मांग पर मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया गया कि परिवादी के परिसर में स्थापित मापकों की को बदलकर नया स्मार्ट मापक स्थापित किया जाय।
8. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांक 19.09.2026 को सीलिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि पुराने तीनों मीटरों को हटाकर एक नया स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है।
9. मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिया गया है। अतः वाद निस्तारित किए जाने योग्य है।

आदेश

विपक्षी/ विभाग द्वारा प की दीकी कायत का समाधान कर दिए जाने के फलस्वरुप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत ओम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–22/09/2026

22/09/2026 22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घ षित।

दिनांकः–22/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–04202608030001
पंजीकरण तिथि–04.08.2026
निर्णय तिथि–07.09.2026

जशोधर दास
ग्राम–बूढ़ी बाना
वाया कसिया लेख
जिला–नैनीताल।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
नैनीताल।

विपक्षी

निर्णय

1. परिवादी द्वारा CGRF, Complaint पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुये कहा गया है कि "Bill of Rs 40,499 has been issued even though all bills have been paid regularly. The meter reading shows a sudden increase. Meter needs checking. Kindly permit me to delay payment until matter is settled."
2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 24.08.2026 में कहा गया है कि उपभोक्ता के विद्युत बिल में संशोधन कर दिया गया है। उपभोक्ता के विद्युत बिल में दिनांक 24.08.2026 को रु0 17607.00 का adjustment कर दिया गया है। CCBR adjustment करने के उपरान्त उपभोक्ता का विद्युत बिल रु0 24596.00 का बना है।"
3. परिवादी द्वारा ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिउत्तर/संतुष्टि पत्र दिनांकित 27.08.2026 में कहा गया है कि "महोदय, आपके पत्र के लिए धन्यवाद। मैं संतुष्ट हूं। शेष राशि का भुगतान कर दिया है। आपके सहयोग के लिए बहुत धन्यवाद।"
4. मंच द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों/अभिलेखों का अवलोकन किया गया। विपक्षी द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र के अवलोकन व परिवादी के संतुष्टि पत्र से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का निराकरण कर दिया गया है। जिस कारण वाद को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

आदेश

विपक्षी द्वारा प्रतिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के व परिवादी की संतुष्टि के आधार पर वाद निस्तारित किया जाता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः—07 / 09 / 2026

07/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

07/09/2026

(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः—07 / 09 / 2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी
जिला–नैनीताल

कोरमः– 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य (न्यायिक)
2– ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–04202608070001
पंजीकरण तिथिः–07.08.2026
निर्णय की तिथिः–05.09.2026

त्रिभुवन चन्द्र, परिवादी
पैलेस रिजॉर्ट, आर्माडेल,
कम्पाउंड मल्लीताल,
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
नैनीताल।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा अपनी शिकायत में कहा गया है किः– "Your department is generating bill much prior to the end of month. For your kind information, as per your bill generated on 19 March 2026 bill for 23 days, on 14 May 2026 bill for 26 days, on 7 June 2026 bill for 24 days, on 6 Aug bill for 25 days."

2. विपक्षी/विभाग द्वारा अपने उत्तर पत्र में निम्न बिन्दुओं से अवगत कराया हैः–
   (1) उपखण्ड अधिकारी की आख्या अनुसार उपभोक्ता का विद्युत भार 3 किलोवाट है जो कि वर्ष 2025 एवं 2026 के 12 माह के बिल निर्गत किये गये है जिसमें 12 माह का ही फिक्स चार्ज लिया गया है।
   (2) एफ०पी०पी०सी०ए० चार्ज उपभोक्ता द्वारा की गयी उपभोग यूनिट के आधार पर किया गया है। उपभोक्ता से कोई भी अतिरिक्त माह का विद्युत बिल का भुगतान नहीं लिया गया है।
   (3) उक्त कम में उपभोक्ता के मापक की कनज्यूमर हिस्ट्री संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

3. परिवादी द्वारा दिनांकित 05.09.2026 को अपने संतुष्टि पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि– **"Thanks for your response. I want to close my grievance. Hence, it is requested to close my complaint to my satisfaction on your response. With regards"**

4. मंच द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। विपक्षी/विभाग द्वारा परिवादी की बिलिंग से संबंधित शिकायत का निराकरण कर दिया गया है, जिस पर परिवादी ने भी अपनी संतुष्टि मंच के समक्ष व्यक्त की है। अतः वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिए जाने एवं परिवादी की संतुष्टि के आधार पर वाद निस्तारित किया जाता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–05.09.2026

05/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

05/09/2026

(बिष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।
दिनांकः–05.09.2026

(हिमांशु बहुगुणा)
सदस्य (उपभोक्ता)

(ब्रह्म पाल)
सदस्य (तकनीकी)

(बिष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–04202608080002
पंजीकरण तिथि–10.08.2026
निर्णय तिथि–08.09.2026

श्रीष चन्द्र कुवाला परिवादी
जस्सागांजा
रामनगर
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
रामनगर।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा CGRF, Complaint पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुये कहा गया है कि "महोदय विद्युत खाता संख्या 41700855791 का माह जुलाई का बिल आश्चर्यजनक रूप से 874 यूनिट का आ गया है, जबकि मेरा विद्युत खर्च माह में 100 यूनिट के आस पास है। जिससे लगता है मीटर में कुछ गड़बड़ हुआ है, अतः मेरा बिल ठीक करने की कृपा करें।"
2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 25.08.2026 में कहा गया है कि उपभोक्ता के वर्तमान तक के बिल हिस्ट्री व मापक की रीडिंग की जांच करने पर वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर ही विद्युत बिल निर्गत किये गये हैं। जो सही है। अतः उक्त सयोजन में बिल संशोधन किया जाना अपेक्षित नहीं। बिल हिस्ट्री एवं लेजर की प्रति संलग्न की जा रही है।
3. परिवादी द्वारा ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिउत्तर/आपत्ति दिनांकित 28.08.2026 में कहा गया है कि "उपरोक्त शिकायत के प्रतिउत्तर में विभाग द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण एवं कार्यवाही से पूर्णतः असन्तुष्ट हूँ। उपरोक्त सम्बंध में निम्न लिखित बिन्दुओं का संज्ञान लें।
    1. मेरी शिकायत मापक की रीडिंग के बारे में न होकर मीटर में यांत्रिक गड़बड़ी के कारण अप्रत्याशित रूप से अधिक रीडिंग आने को लेकर है।
    2. जैसा कि बिल हिस्ट्री से ज्ञात होता है कि नियमित रूप से प्रतिमाह बिल लगभग 100 यूनिट एवरेज का होता है। जांच के लिये पिछले एक–दो वर्ष की बिल हिस्ट्री भी देखी जा सकती है।

3. रीडिंग में अचानक 8 या 9 गुना वृद्धि होना मीटर की गड़बड़ी को दर्शाता है। ध्यान रहे उपरोक्त कनैक्शन विशुद्ध रूप से घरेलू है।
4. मेरे द्वारा मीटर की नियमित माप देखने पर पाया गया है कि किसी भी दिन अचानक ही 200 या 300 यूनिट माप बढ़ जाती है जो मीटर के जम्प लेने से होती है।
5. अतः निवेदन है कि मेरे मीटर की यांत्रिक जांच की जाय तथा इसे बदलकर नया मीटर लगवाने की कृपा की जाय। इस हेतु नियमित शुल्क आदि मैं देने को तैयार हूँ।
6. मेरे 29–07–2026 एवं 22–08–2026 के बिलों को संशोधित कर मेरी बिल हिस्ट्री के आधार पर पुनः बिल दिया जाय जिसका मैं समय से भुगतान कर सकूँ।
7. भुगतान में होने वाली किसी भी प्रकार की देरी, पैनाल्टी, ब्याज आदि के लिये विभाग पूर्णतः जिम्मेदार होगा। ज्ञात हो मैं एक नियमित समय से भुगतान करने वाला उपभोक्ता हूँ।

4. मंच द्वारा वाद पर सुनवाई हेतु दिनांक 08.09.2026 की तिथि नियत की गयी। सुनवाई हेतु विपक्षी प्रयत्क्ष रूप से मंच के समक्ष उपस्थित हुये जबकि परिवादी अनपस्थित रहे। मंच द्वारा, पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों/अभिलेखों का अवलोकन किया गया।
5. अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर ही बिल निर्गत किए गए हैं। यदि परिवादी को मीटर तेज चलने की शंका है तो वह विपक्षी/विभाग कार्यालय में चैक मापक हेतु आवेदन कर सकता है। वास्तविक रीडिंग पर जारी बिल में संशोधन का आदेश यह मंच पारित नहीं कर सकता। अतः वाद खारिज की जाने योग्य है।

आदेश

परिवादी का वाद खारिज किया जाता है। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत ओम्बड्मैन, 80 बसंत विहार, देहरादून–248006, के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः–08/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः–08/09/2026

(हिमांशु बहुगुणा)	(ब्रह्म पाल)	(विष्णु प्रसाद डोभाल)
सदस्य (उपभोक्ता)	सदस्य (तकनीकी)	सदस्य (न्यायिक)

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी, जिला–नैनीताल

कोरम 1–बिष्णु प्रसाद डोभाल, सदस्य(न्यायिक)
2–ब्रह्म पाल, सदस्य(तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

वाद संख्या–04202608110001
पंजीकरण तिथि–12.08.2026
निर्णय तिथि–23.09.2026

ओमकार सरन
मोती महल
नियर टाटा टावर
रामनगर
जिला–नैनीताल। परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
रामनगर। विपक्षी

निर्णय

1. परिवादी द्वारा CGRF, Complaint पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुये कहा गया है कि–

1. **Details of the Connection & Disputed Bill**

- **Meter Serial Number: UPC03257**
- **Sanctioned Contract Load: 6.00 kW / 6.00 kVA**
- **Disputed Bill Month: June 2026 (Bill Date: 04/07/2026)**
- **Disputed Penal Amount: ₹3,848.00 levied under "Fixed / Demand Charges for Excess Load" (Total net amount paid: ₹5,503.00).**

2. **Brief Facts and Grounds for Grievance**

